बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

समेकित मुर्गी विकास योजना

राज्य स्कीम /सात निश्चय -2 अन्तर्गत

10,000 / 5,000 क्षमता लेयर मुर्गी फार्म एवं 3,000 क्षमता ब्रायलर मुर्गी फार्म की योजना

- **योजना :** वित्तीय वर्ष 2024–25 राज्य स्कीम /सात निश्चय –2 के अन्तर्गत लेयर /ब्रायलर मुर्गी पालन को बढावा देने हेतु अनुदान की योजना "
- **कार्य क्षेत्र :** योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में।
- **आवेदन :** विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् ऑनलाईन लिंक खुलने के 30 दिनों (लेयर फार्म हेतु) / 21 दिनों (ब्रायलर फार्म हेतु) के अन्दर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति इस योजना हेतु विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/ahd पर दिये गये लिंक पर जाकर अपने आधार संख्या/वोटर कार्ड संख्या से पंजीकरण कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन के साथ सभी वांछित कागजातों/अनुलग्नकों को ऑनलाईन अपलोड करना होगा, जो मुख्य रूप से निम्न हैः–

ऑनलाईन आवेदन हेतु वांछित दस्तावेज

वांछित भूमि का साक्ष्य :
अद्यतन लगान रसीद / एल.पी.सी., लीज एकरारनामा, नजरी नक्शा

वांछित राशि का साक्ष्य :
पासबुक, एफ.डी. अन्य (प्रथम तथा अंतिम पृष्ठ जिस पर राशि अंकित हो)

प्रशिक्षण :
सरकारी संस्थान से 5 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लाभुकों हेतु अन्य दस्तावेज :
फोटो, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, आवासीय प्रमाण – पत्र

प्राथमिकताएं

लाभुकों का चयन क्रमशः स्वलागत एवं प्रशिक्षण को प्राथमिकता देते हुये पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण के संदर्भ में मान्यता प्राप्त सरकारी संस्थानों से कुक्कुट पालन में प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

ऋण / स्वलागत

आवेदक चाहे तो बैंक से ऋण लेकर अथवा स्वलागत से फार्म स्थापित कर सकते है। बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया लाभुक के द्वारा स्वयं की जायेगी।

क्र.	कोटि	लेयर/ब्रायलर मुर्गी फार्म की क्षमता	रिक्ति (इकाई में)	इकाई लागत (लाख रु. में)	आवेदन के समय आवेदक के पास वंचित राशि (लाख रु. में)		अनुदान		भूमि की आवश्यकता
					स्वलागत	बैंक ऋण	इकाई लागत का % (लाख रु. में)	अधिकतम अनुदान	
1	सामान्य जाति	10,000 लेयर	42	100.00	70.00	10.00	30	30.00	100 डिसमिल
2		5,000 लेयर	62	48.50	33.95	4.85	30	14.55	50 डिसमिल
3		3,000 ब्रायलर	66	10.00	10.00	1.00	30	3.00	16.10 डिसमिल
4	अनुसूचित जाति	10,000 लेयर	15	100.00	60.00	10.00	40	40.00	100 डिसमिल
5		5,000 लेयर	19	48.50	29.10	4.85	40	19.40	50 डिसमिल
6		3,000 ब्रायलर	4	10.00	10.00	1.00	50	5.00	16.10 डिसमिल
7	अनुसूचित जन जाति	10,000 लेयर	5	100.00	60.00	10.00	40	40.00	100 डिसमिल
8		5,000 लेयर	8	48.50	29.10	4.85	40	19.40	50 डिसमिल
9		3,000 ब्रायलर	6	10.00	10.00	1.00	50	5.00	16.10 डिसमिल

- रिक्तियों की संख्या में पूर्व वर्ष की रिक्तियां भी शामिल हैं एवं अन्नतिम (Tentative) है।
- ऑनलाईन आवेदन भरने के पहले पूर्वाभ्यास हेतु मॉडल आवेदन पत्र विभाग के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/ahd से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
- विशेष जानकारी संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

PR No.- 007950 (Animal)D. 2024-25

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार, पटना द्वारा प्रचारित